भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र

विज्ञापन संख्या : आरआरकेट-2/2022
ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि **14/06/2022**

"सरकार इस प्रकार के कार्यबल के लिए प्रयत्नशील है जिसमें लैंगिक संतुलन बना रहे, इसलिए महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।"

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र (आरआरकेट), इंदौर (म.प्र.) में पात्र अभ्यर्थियों से निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :

पद कूटांक	B-1
पद का नाम	वैज्ञानिक सहायक/सी (ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स का लेवल-7, प्रारंभिक वेतन : ₹ 44900/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-बी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1 (अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 33 वर्ष
वांछित शैक्षणिक अहर्ता	न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल/ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। (एसएससी के बाद 3 साल या एचएससी के बाद 2 साल)
वांछित अनुभव	आवश्यक अहर्ता प्राप्त करने के बाद ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री/अधिकृत या पंजीकृत प्रतिष्ठित गैरेज में डीजल एवं पेट्रोल संचालित चार पहिया वाहनों के अनुरक्षण के अनुभव में न्यूनतम संचयी 4 वर्ष का व्यावहारिक सबंधित अनुभव
कार्य की प्रकृति	आरआरकेट के फोर्कलिफ्ट के साथ डीजल एवं पेट्रोल संचालित दो पहिया/चार पहिया वाहनों का अनुरक्षण।

पद कूटांक	B-2
पद का नाम	वैज्ञानिक सहायक/सी (मैकाट्रोनिक्स)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-7, प्रारंभिक वेतन : ₹ 44900/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-बी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1 (अनारक्षित)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 30 वर्ष
वांछित शैक्षणिक अहर्ता	न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकाट्रोनिक्स में डिप्लोमा (एसएससी के बाद 3 साल या एचएससी के बाद 2 साल)
वांछित अनुभव	अपेक्षित अहर्ता प्राप्त करने के बाद मैन्युफैक्चरिंग/मशीन अनुरक्षण उद्योग/टूल रूम इत्यादि में सीएनसी मशीन टूल्स अनुरक्षण के मैकेनिकल-इलेक्ट्रॉनिक पहलुओं में न्यूनतम 4 वर्ष का संचयी व्यावहारिक संबंधित अनुभव
कार्य की प्रकृति	सीएनसी/नॉन सीएनसी मशीनों एवं उपकरणों के मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक/नियंत्रण अनुरक्षण।

पद कूटांक	B-3
पद का नाम	वैज्ञानिक सहायक/सी (इलेक्ट्रिकल)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-7, प्रारंभिक वेतन : ₹ 44900/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-बी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1 (आर्थिक रुप से कमज़ोर वर्ग हेतु आरक्षित)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 30 वर्ष
वांछित शैक्षणिक अहर्ता	कुल 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (एसएससी के बाद 3 साल या एचएससी के बाद 2 साल) ।
वांछित अनुभव	अपेक्षित अहर्ता प्राप्त करने के बाद लिफ्ट/एलीवेटर के स्थापन/रखरखाव में न्यूनतम 4 वर्ष का अनुभव ।
कार्य की प्रकृति	पर्यवेक्षक विनिर्देशों, प्रलेखन, ड्राइंग, बिलिंग, लिफ्ट/ एलीवेटर एवं विद्युत प्रतिष्ठानों के स्थापन और रखरखाव हेतु साइट पर्यवेक्षण की तैयारी से सबंधित रहेंगे ।

पद कूटांक	B-4
पद का नाम	वैज्ञानिक सहायक/सी (इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-7, प्रारंभिक वेतन : ₹ 44900/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-बी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1 (आर्थिक रुप से पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 30 वर्ष
वांछित शैक्षणिक अहर्ता	कुल 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (एसएससी के बाद 3 साल या एचएससी के बाद 2 साल)।
वांछित अनुभव	अपेक्षित अहर्ता प्राप्त करने के बाद सब-स्टेशनों हेतु इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा प्रणाली/ स्वचालन/स्काड़ा प्रणाली के स्थापन/रखरखाव में न्यूनतम 4 वर्ष का अनुभव।
कार्य की प्रकृति	पर्यवेक्षक इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा प्रणाली/स्वचालित प्रणाली/सब-स्टेशनों हेतु स्काडा प्रणाली एवं इलेक्ट्रॉनिक अधिष्ठापन एवं रख-रखाव हेतु उसके विनिर्देशन, प्रलेखन, ड्राइंग, बिलिंग, स्थल पर्यवेक्षण से संबंधित रहेंगे।

पद कूटांक	B-5
पद का नाम	वैज्ञानिक सहायक/बी (जीव विज्ञान)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-6, प्रारंभिक वेतन : ₹ 35400/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-बी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1 (अनारक्षित)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 30 वर्ष
वांछित शैक्षणिक अहर्ता	60% अंकों के साथ जीव विज्ञान में बीएससी (एक विषय के रूप में वनस्पति विज्ञान/सूक्ष्मजीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी/जीव रसायन)
कार्य की प्रकृति	एआरपीएफ के गु.आ. विभाग में इनकमिंग, इन-प्रोसेस एवं आउटगोइंग परीक्षण, तथा इन्वेंट्री गुणवत्ता जांच सहित प्रक्रिया सामग्री की गुणवत्ता आश्वासन गतिविधियां करना। किरणित उत्पाद के बायोबर्डन निर्धारण और निर्जर्मिता परीक्षण के माध्यम से आवधिक प्रक्रिया अखंडता की जाँच करना। एआरपीएफ

	में नए उत्पादों की निष्पादन अहर्ता योग्यता में भाग लेना। सुविधा लाइसेंस, नियामक एवं क्यूएमएस आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एआरपीएफ गुणवत्ता नियंत्रण रिपोर्ट तथा मानक प्रचालन प्रक्रिया का रिकॉर्ड रखना।

पद कूटांक	B-6
पद का नाम	वैज्ञानिक सहायक/बी (इलेक्ट्रिकल)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-6, प्रारंभिक वेतन : ₹ 35400/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-बी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	4 (अनारक्षित-1, अनुसूचित जाति-1, अनुसूचित जनजाति-1, अन्य पिछड़ा वर्ग-1)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम - अनारक्षित : 30 वर्ष, अनुसूचित जाति/जनजाति: 35 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग: 33 वर्ष
वांछित शैक्षणिक अहर्ता	कुल से 60% अंकों सहित इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (एसएससी के बाद 3 साल या एचएससी के बाद 2 साल)।
कार्य की प्रकृति	ये रिक्तियां विशेष रूप से आरआरकेट में चौबीसों घंटे एवं सातों दिन चलने वाली इंडस सिंक्रोट्रॉन विकिरण सुविधा की तीन शिफ्टों में रोटा अर्थात कर्त्तव्य-सूची के अनुसार, काम करने के लिए हैं। अतः रोटा/कर्त्तव्य सूची के अनुसार, तीन पालियों में कार्य करने के लिए मानसिक रूप से तैयार एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ अभ्यर्थी ही इन पदों के लिए आवेदन करें। शिफ्ट की समयावधि इस प्रकार है : I शिफ्ट - 6:30 बजे से 15:00 बजे तक, II शिफ्ट - 14:30 बजे से 23:00 बजे तक और III शिफ्ट - 22:30 बजे से 07:00 बजे तक है।

पद कूटांक	B-7
पद का नाम	वैज्ञानिक सहायक/बी (इलेक्ट्रॉनिक्स)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-6, प्रारंभिक वेतन : ₹ 35400/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-बी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	8 (अनारक्षित-3, अनुसूचित जाति-2, अनुसूचित जनजाति-1, अन्य पिछड़ा वर्ग-2)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम- अनारक्षित : 30 वर्ष, अनुसूचित जाति/जनजाति: 35 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग: 33 वर्ष
वांछित शैक्षणिक अहर्ता	कुल 60% अंकों सहित इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (एसएससी के बाद 3 साल या एचएससी के बाद 2 साल)।
कार्य की प्रकृति	ये रिक्तियां विशेष रूप से आरआरकेट में चौबीसों घंटे एवं सातों दिन चलने वाली इंडस सिंक्रोट्रॉन विकिरण सुविधा की तीन शिफ्टों में रोटा अर्थात कर्त्तव्य-सूची के अनुसार, काम करने के लिए हैं। अतः रोटा/कर्त्तव्य सूची के अनुसार, तीन पालियों में कार्य करने के लिए मानसिक रूप से तैयार एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ अभ्यर्थी ही इन पदों के लिए आवेदन करें। शिफ्ट की समयावधि इस प्रकार है : I शिफ्ट - 6:30 बजे से 15:00 बजे तक, II शिफ्ट - 14:30 बजे से 23:00 बजे तक और III शिफ्ट - 22:30 बजे से 07:00 बजे तक है।

पद कूटांक	B-8
पद का नाम	वैज्ञानिक सहायक/बी (भौतिकी)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-6, प्रारंभिक वेतन : ₹ 35400/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-बी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	6 (अनारक्षित-2, अनुसूचित जाति-1, अनुसूचित जनजाति-1, अन्य पिछड़ा वर्ग-1, आर्थिक रुप से कमज़ोर वर्ग-1)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम - अनारक्षित वर्ग: 30 वर्ष, अनुसूचित जाति/जनजाति: 35 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग: 33 वर्ष
वांछित शैक्षणिक अहर्ता	न्यूनतम 60% अंकों के साथ बीएससी (प्रमुख विषय के रूप में भौतिकी तथा सहायक विषयों के रूप में गणित/रसायन विज्ञान/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/कंप्यूटर विज्ञान)।
कार्य की प्रकृति	ये रिक्तियां विशेष रूप से आरआरकेट में चौबीसों घंटे एवं सातों दिन चलने वाली इंडस सिंक्रोट्रॉन विकिरण सुविधा की तीन शिफ्टों में रोटा अर्थात कर्त्तव्य-सूची के अनुसार, काम करने के लिए हैं। अतः रोटा/कर्त्तव्य सूची के अनुसार, तीन पालियों में कार्य करने के लिए मानसिक रूप से तैयार एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ अभ्यर्थी ही इन पदों के लिए आवेदन करें। शिफ्ट की समयावधि इस प्रकार है : I शिफ्ट - 6:30 बजे से 15:00 बजे तक, II शिफ्ट - 14:30 बजे से 23:00 बजे तक और III शिफ्ट - 22:30 बजे से 07:00 बजे तक है।

पद कूटांक	B-9
पद का नाम	वैज्ञानिक सहायक/बी (बागवानी)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-6, प्रारंभिक वेतन : ₹ 35400/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-बी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1 (अनारक्षित)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 30 वर्ष
वांछित शैक्षणिक अहर्ता	न्यूनतम 60% अंकों सहित बागवानी/कृषि विज्ञान में बीएससी
कार्य की प्रकृति	औद्यानिकी विकास एवं अनुरक्षण गतिविधियों का पर्यवेक्षण।

पद कूटांक	B-10
पद का नाम	वैज्ञानिक सहायक/बी (सिविल)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-6, प्रारंभिक वेतन : ₹ 35400/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-बी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	2 (अनारक्षित-1, अनुसूचित जाति-1)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम - अनारक्षित : 30 वर्ष, अनुसूचित जाति: 35 वर्ष
वांछित शैक्षणिक अहर्ता	कुल 60% अंकों सहित सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (एसएससी के बाद 3 साल या एचएससी के बाद 2 साल)।
कार्य की प्रकृति	सिविल निर्माण एवं अनुरक्षण गतिविधियों का पर्यवेक्षण।

पद कूटांक	B-11
पद का नाम	वैज्ञानिक सहायक/बी (पशुपालन/ प्राणी विज्ञान)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-6, प्रारंभिक वेतन : ₹ 35400/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-बी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1 (अन्य पिछड़ा वर्ग)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम: 33 वर्ष
वांछित शैक्षणिक अहर्ता	न्यूनतम 60% अंकों के साथ पशुपालन/पशु नुवंशिकी एवं प्रजनन/प्राणी विज्ञान में पूर्णकालिक विज्ञान में स्नातक की डिग्री।
कार्य की प्रकृति	वह मुख्य रूप से छोटे जानवरों के प्रजनन, पशु घर के रखरखाव एवं अनुरक्षण के साथ-साथ फोटोनिक्स आधारित नैदानिक एवं चिकित्सीय मूल्यांकन के लिए इन-विवो तथा प्रीक्लिनिकल अध्ययन (एनेस्थीसिया, सर्जरी सहित) में सहायता करने में शामिल होगा/होगी। उसे नियमित रूप से हिस्टोलॉजी एवं इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री करने की आवश्यकता होगी। वह संस्थागत पशु आचार समिति के सदस्य के रूप में सेवा प्रदान करेगा/करेगी। व्यक्तिगत रूप से पशुओं के हवादार पिंजरों का दैनंदिन, चौबीस घंटे अनुरक्षण तथा उनका रिकॉर्ड रखने का कार्य सौंपे गए कर्तव्यों का हिस्सा होगा।

पद कूटांक	B-12
पद का नाम	वैज्ञानिक सहायक/बी (जैव प्रौद्योगिकी/जीव विज्ञान/जीव विज्ञान/सूक्ष्म जीव विज्ञान/जीव रसायन)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-6, प्रारंभिक वेतन : ₹ 35400/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-बी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1 (अनारक्षित)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम: 30 वर्ष
वांछित शैक्षणिक अहर्ता	न्यूनतम 60% अंकों के साथ प्रमुख विषय के रूप में जैव प्रौद्योगिकी/जीव विज्ञान/जीव विज्ञान/सूक्ष्म जीव विज्ञान/जीव रसायन में पूर्णकालिक विज्ञान में स्नातक (ऑनर्स/3 वर्ष) की डिग्री।
कार्य की प्रकृति	वह मुख्य रूप से सेलुलर एवं माइक्रोबायोलॉजिकल सिस्टम पर फोटोनिक्स आधारित नैदानिक तथा चिकित्सीय तकनीकों के विकास एवं मूल्यांकन गतिविधियों में सम्मिलित होगा/होगी। पशु कोशिका संवर्धन और माइक्रोबियल कल्चर्स के नियमित अनुरक्षण के लिए उसकी आवश्यकता होगी। आरटी-पीसीआर, फ्लो-साइटोमीटर, जैल इलेक्ट्रोफोरेसिस, कार्बन-डाइऑक्साइड इनक्यूबेटर, बायोसेफ्टी कैबिनेट्स का प्रचालन तथा अनुरक्षण, बैक्टीरियोलॉजिकल एवं सेल कल्चर मीडिया की तैयारी, स्टॉक का रिकॉर्ड रखना तथा इन्वेंट्री प्रबंधन का कार्य सौंपे गए कर्तव्यों का हिस्सा होगा।

पद कूटांक	B-13
पद का नाम	वैज्ञानिक सहायक/सी (अतिथि गृह पर्यवेक्षक)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-7, प्रारंभिक वेतन : ₹ 44900/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-बी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1 (अनारक्षित)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम: 30 वर्ष
वांछित शैक्षणिक अहर्ता	एनसीएचएमसीटी/भारत सरकार/एआईसीटीई/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से कुल 60% अंकों के साथ होटल प्रबंधन/प्रशासन एवं खानपान सेवाओं/प्रौद्योगिकी में बीएससी। **अथवा** एनसीएचएमसीटी/भारत सरकार/एआईसीटीई/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से कुल 60% अंकों के

	साथ होटल प्रबंधन/प्रशासन एवं खानपान सेवाएं/प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा (एसएससी के बाद 3 साल या एचएससी के बाद 2 साल)।
वांछित अनुभव	अपेक्षित योग्यता प्राप्त करने के पश्चात किसी बड़े अतिथि-गृह/होटल के संचालन (संबद्ध सेवाओं के साथ कम से कम 20 या अधिक कमरों से संपन्न) में पर्यवेक्षी स्तर पर न्यूनतम 4 वर्ष का व्यावहारिक कार्य अनुभव।
कार्य की प्रकृति	अतिथियों (वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं अधिकारियों, विदेशियों इत्यादि सहित) तथा छात्रों/ प्रशिक्षुओं/शोधार्थियों के लिए आरआरकेट स्थित अतिथि गृह तथा छात्रावास परिसर के आतिथ्य, खानपान, रखरखाव/अनुरक्षण, हाउसकीपिंग एवं समग्र रूप से प्रबंधन का पर्यवेक्षण, समन्वय एवं इसे सुनिश्चित करना।

पद कूटांक	C-1
पद का नाम	तकनीशियन/सी (वायरमैन)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-4, प्रारंभिक वेतन : ₹ 25500/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-सी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	2 (आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग-1, अनुसूचित जनजाति-1)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम - आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग: 25 वर्ष, अनुसूचित जनजाति: 30 वर्ष
शैक्षणिक अहर्ता	वायरमैन ट्रेड में ट्रेड प्रमाण-पत्र सहित न्यूनतम 60% कुल अंकों के साथ एसएससी (विज्ञान एवं गणित विषय के साथ)
अनुभव	अपेक्षित अहर्ता प्राप्त करने के बाद चार वर्ष का संबंधित अनुभव।
कार्य की प्रकृति	तकनीशियन फील्ड में टेलीफोन केबल नेटवर्क के अनुरक्षण, इंस्टालेशन एवं रखरखाव के लिए एवं आरआरकेट के तकनीकी एवं आवासीय क्षेत्र में टेलीफोन एक्सचेंज (2100+ टेलीफोन उपलब्ध कराने) के लिए भी कार्य करेंगे। तकनीशियन उपकरणों (जैसे क्रोन, क्रिम्पिंग टूल) एवं मानक तकनीकों का उपयोग करके दोष निदान एवं दोष सुधार के लिए भी कार्य करेंगे। वे परिसर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित लगभग 700+ टीडीपी (टेलीफोन वितरण स्तम्भ) के अनुरक्षण के लिए भी कार्य करेंगे।

पद कूटांक	C-2
पद का नाम	तकनीशियन/सी (कंप्यूटर नेटवर्क)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-4, प्रारंभिक वेतन : ₹ 25500/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-सी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	2 (अन्य पिछड़ा वर्ग-1, अनारक्षित-1)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम - अन्य पिछड़ा वर्ग: 28 वर्ष, अनारक्षित: 25 वर्ष
शैक्षणिक अहर्ता	कंप्यूटर नेटवर्क ट्रेड में प्रमाण-पत्र सहित न्यूनतम 60% कुल अंकों के साथ एसएससी (विज्ञान एवं गणित के साथ)
अनुभव	अपेक्षित अहर्ता प्राप्त करने के बाद चार वर्ष का संबंधित अनुभव।
कार्य की प्रकृति	तकनीशियन कैंपस-वाइड कंप्यूटर नेटवर्क (4250 नोड्स) के अनुरक्षण, स्थापन तथा रखरखाव करने के लिए कार्य करेंगे, जिसे केट 5/6 केबलों का उपयोग करके एंड-कनेक्टिविटी के साथ ओएफसी रिंग्स पर बनाया गया है। तकनीशियन दोष निदान एवं दोष सुधारने के लिए संबंधित कंप्यूटर नेटवर्क हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर टूल्स का प्रहस्तन करेंगे। वे एडवांस टूल का उपयोग करके मल्टी कोर ओएफसी केबल

	(एसएम एवं एमएम दोनों) की मरम्मत के लिए भी कार्य करेंगे।

पद कूटांक	C-3
पद का नाम	तकनीशियन/सी (मिलराइट)
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-4, प्रारंभिक वेतन : ₹ 25500/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-सी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1(आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग-1)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम: 25 वर्ष
शैक्षणिक अहर्ता	मिलराइट ट्रेड में ट्रेड प्रमाण-पत्र सहित न्यूनतम 60% कुल अंकों के साथ एसएससी (विज्ञान एवं गणित के साथ)
अनुभव	अपेक्षित अहर्ता प्राप्त करने के बाद चार वर्ष का संबंधित अनुभव।
कार्य की प्रकृति	सीएनसी/नॉन सीएनसी मशीनों, कंप्रेसर, एयर ड्रायर एवं अन्य विनिर्माण सुविधाओं, मशीन समर्थित सुविधाओं का अनुरक्षण

पद कूटांक	C-4
पद का नाम	तकनीशियन/सी [ड्राफ्ट्समैन (इलेक्ट्रिकल)]
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-4, प्रारंभिक वेतन : ₹ 25500/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-सी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1(अनुसूचित जनजाति-1)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम: 30 वर्ष
शैक्षणिक अहर्ता	ड्राफ्ट्समैन (इलेक्ट्रिकल) ट्रेड में ट्रेड प्रमाणपत्र सहित न्यूनतम 60% कुल अंकों के साथ एसएससी (विज्ञान एवं गणित के साथ)
अनुभव	अपेक्षित अहर्ता प्राप्त करने के बाद चार वर्ष का संबंधित अनुभव।
कार्य की प्रकृति	विद्युत शक्ति वितरण प्रणाली/भवनों में आंतरिक विद्युतीकरण के लिए परियोजना ड्राइंग का विकास।

पद कूटांक	C-5
पद का नाम	तकनीशियन/सी [इलेक्ट्रिकल]
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-4, प्रारंभिक वेतन : ₹ 25500/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-सी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	3 (अनुसूचित जाति-1, अनुसूचित जनजाति-1, अनारक्षित-1)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम - अनुसूचित जाति/ जनजाति: 30 वर्ष, अनारक्षित वर्ग: 25 वर्ष
शैक्षणिक अहर्ता	इलेक्ट्रिकल ट्रेड में ट्रेड प्रमाणपत्र सहित न्यूनतम 60% कुल अंकों के साथ एसएससी (विज्ञान एवं गणित के साथ)
अनुभव	अपेक्षित अहर्ता प्राप्त करने के बाद चार वर्ष का संबंधित अनुभव।
कार्य की प्रकृति	विद्युत् वितरण प्रणाली/भवनों में आंतरिक विद्युतीकरण का स्थापन या अनुरक्षण।

पद कूटांक	C-6
पद का नाम	तकनीशियन/बी [फिटर]
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-3, प्रारंभिक वेतन : ₹ 21700/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-सी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	8 (अनुसूचित जाति-2, अनुसूचित जनजाति-1, अन्य पिछड़ा वर्ग-1, आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग-1, अनारक्षित-3)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम - अनुसूचित जाति/ जनजाति: 30 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग: 28 वर्ष, अनारक्षित/ आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग: 25 वर्ष
शैक्षणिक अहर्ता	फिटर ट्रेड में ट्रेड प्रमाणपत्र सहित न्यूनतम 60% कुल अंकों के साथ एसएससी (विज्ञान एवं गणित के साथ)
कार्य की प्रकृति	छोटे आकार, विशेष धातुओंऔर कड़े सहनशीलता वाले घटकों की प्रेसिजन असेंबली। **अथवा** ये रिक्तियां विशेष रूप से आरआरकेट में चौबीसों घंटे एवं सातों दिन चलने वाली इंडस सिंक्रोट्रॉन विकिरण सुविधा की तीन शिफ्टों में रोटा अर्थात कर्त्तव्य-सूची के अनुसार, काम करने के लिए हैं। अतः रोटा/कर्त्तव्य सूची के अनुसार, तीन पालियों में कार्य करने के लिए मानसिक रूप से तैयार एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ अभ्यर्थी ही इन पदों के लिए आवेदन करें। शिफ्ट की समयावधि इस प्रकार है : I शिफ्ट - 6:30 बजे से 15:00 बजे तक, II शिफ्ट - 14:30 बजे से 23:00 बजे तक और III शिफ्ट - 22:30 बजे से 07:00 बजे तक है।

पद कूटांक	C-7
पद का नाम	तकनीशियन/बी [ऑप्टिकल साइंस]
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-3, प्रारंभिक वेतन : ₹ 21700/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-सी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1 (अनारक्षित-1)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम: 25 वर्ष
शैक्षणिक अहर्ता	ऑप्टिकल साइंस ट्रेड में ट्रेड प्रमाणपत्र सहित न्यूनतम 60% कुल अंकों के साथ एसएससी (विज्ञान एवं गणित के साथ)
कार्य की प्रकृति	ग्लास ऑप्टिक्स एवं मेटल ऑप्टिक्स का फेब्रिकेशन व पॉलिशिंग, परिशुद्ध उपकरणों का उपयोग करके ऑप्टिक्स का निरीक्षण, ऑप्टिकल पॉलिशिंग मशीनों का प्रचालन तथा अनुरक्षण।

पद कूटांक	C-8
पद का नाम	तकनीशियन/बी [फिजियोथेरेपी]
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-3, प्रारंभिक वेतन : ₹ 21700/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-सी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1 (अनारक्षित-1)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम: 25 वर्ष

शैक्षणिक अहर्ता	फिजियोथेरेपी ट्रेड में ट्रेड प्रमाणपत्र सहित न्यूनतम 60% कुल अंकों के साथ एसएससी (विज्ञान एवं गणित के साथ)
कार्य की प्रकृति	1) वह फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा व्यवस्थित किए गए व्यायाम और उपचार का निष्पादन करने में सहायता करेगा/करेगी। 2) फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा निदेशित उपचार के दौरान इलेक्ट्रोथेरेपी उपकरणों का उपयोग और व्यायाम चिकित्सा उपकरण के प्रदर्शन में सहायता करना। 3) रोगी को व्यायाम करने के लिए प्रेरित करना। 4) उपचार के दौरान दिव्यांग रोगियों की सहयता करना। 5) रोगी में सुधार का आकलन करने के लिए पैरामीटर रिकॉर्ड करना। 6) रोगियों तथा वस्तुओं का रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने में फिजियोथेरेपिस्ट की सहायता करना। 7) डिस्पेंसरी में उपकरणों की सफाई, बिस्तर लगाना, तथा नवीकरणीय आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था करना। 8) फिजियोथेरेपिस्ट एवं चिकित्सकों द्वारा सौंपे गए किसी अन्य कार्य में समन्वय करना।

पद कूटांक	C-9
पद का नाम	तकनीशियन/बी [गिलास ब्लोइंग]
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-3, प्रारंभिक वेतन : ₹ 21700/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-सी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1 (अन्य पिछड़ा वर्ग-1)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम: 28 वर्ष
शैक्षणिक अहर्ता	ग्लास ब्लोइंग ट्रेड में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का ट्रेड सर्टिफिकेट सहित न्यूनतम 60% कुल अंकों के साथ एसएससी (विज्ञान एवं गणित के साथ)।
कार्य की प्रकृति	ग्लास ब्लोअर विभिन्न प्रकार के ग्लास, कांच से धातु सील किए गए घटकों जैसे सीलबंद तथा अर्ध-सीलबंद लेजर डिस्चार्ज ट्यूब, खोखले कैथोड लैंप, गैस डिस्चार्ज ट्यूब, क्रिस्टल ग्रोथ सेल, फ्यूज्ड सिलिका एम्प्यूल्स, थर्मोनिक डिटेक्टरों के निर्माण, यूएचवी अनुप्रयोगों के लिए कंडेनसर, ग्लास जैकेट, ट्यूबलर ग्लास टू मेटल सील तथा आरआरकेट की प्रयोगशाला में आवश्यक विभिन्न अन्य घटकों के लिए "वैज्ञानिक ग्लास वर्किंग" करते हैं।

पद कूटांक	C-10
पद का नाम	तकनीशियन/बी [कारपेंटर]
वेतन-मान	वेतन मैट्रिक्स के लेवल-3, प्रारंभिक वेतन : ₹ 21700/- के साथ यथास्वीकार्य अन्य भत्ते
वर्गीकरण	समूह-सी, अराजपत्रित
पदों की संख्या	1 (अन्य पिछड़ा वर्ग-1)
आयु	आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम: 28 वर्ष
शैक्षणिक अहर्ता	कारपेंटर ट्रेड में ट्रेड प्रमाणपत्र सहित न्यूनतम 60% कुल अंकों के साथ एसएससी (विज्ञान एवं गणित के साथ)
कार्य की प्रकृति	1) आवेदक के पास विभिन्न कारपेंट्री टूल्स, टैकल इत्यादि का उपयोग करने का कौशल होना चाहिए। 2) आवश्यकता के अनुसार लकड़ी के बक्सों, विभिन्न माप एवं आकार के क्रेट्स का संविचरन। 3) पैक की गई क्षणभंगुर/कीमती सामग्री, उपकरणों, अनुसंधान परियोजनाओं इत्यादि की उचित संरक्षा एवं सुरक्षा के लिए पैकिंग करते समय पैकिंग सामग्री को उचित रोधन प्रदान करवाना।

	4) पैकिंग, स्ट्रैपिंग एवं रैपिंग के बाद बक्सों को सही तरीके से बंद करना। 5) पैक किए गए बक्सों, क्रेटों पर उचित सुरक्षा चिन्ह, शॉक वाच/टिल्ट वॉच लगाना। 6) आवक खेपों को उचित देखभाल के साथ खोलना। 7) लदान के बाद बाहर भेजे जाने वाले खेपों के लिए उचित सहायता की व्यवस्था करना। 8) विदेशों सहित बाहर भेजे जाने वाले विभिन्न प्रकार की खेपों के लिए उचित सामग्री का उपयोग करने का ज्ञान होना चाहिए।

अभ्यर्थियों को संबंधित ट्रेड प्रमाणपत्र हेतु निम्न अपेक्षाओं में से किसी एक को पूरा करना होगा :

1) दो वर्ष की अवधि का एन.टी.सी. (आईटीआई उत्तीर्ण)

अथवा

2) अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षुता) प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत दो वर्ष की अवधि का एन.ए.सी. ।

अथवा

3) एक वर्ष की अवधि का एन.टी.सी. (आईटीआई उत्तीर्ण) + पाठ्यकम समाप्ति पश्चात् एक वर्ष का संबंधित कार्य अनुभव ।

अथवा

4) एक वर्ष की अवधि का एन.टी.सी. (आईटीआई उत्तीर्ण) + अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत कम से कम एक वर्ष की अवधि का एन.ए.सी.

चयन प्रक्रिया

I. B-1 से B-12 तक के पदों के लिए चयन प्रक्रिया :

1. लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी जिसमें वस्तुनिष्ठ (बहुविकल्पिय) प्रकार के प्रश्नों का समावेश होगा । लिखित परीक्षा में गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंक दिए जाएंगे । लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम डिप्लोमा / बीएससी (जो भी लागू हो) स्तर के विषयों पर आधारित होगा ।
2. अभ्यर्थियों को 1:5 के अनुपात में अगले दिन होने वाले साक्षात्कार के लिये शॉर्टलिस्ट किया जाएगा ।
3. अंतिम चयन और रैंकिंग अभ्यर्थियों के साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा । लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों को कोई महत्व नहीं दिया जाएगा ।
4. इस संबंध में आरआरकेट का निर्णय अंतिम होगा ।

II. B-13 के लिए चयन प्रक्रिया : :

बहुत अधिक संख्या में आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर अभ्यर्थियों के शॉर्टलिस्ट के लिये निम्नलिखित स्वरुप में एक स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जाएगी :

(1)	सामान्य जागरुकता / संचार कौशल / कंप्यूटर ज्ञान / रिज़निंग / संख्यात्मक योग्यता	1 घंटा
(2)	हिंदी एवं अंग्रेजी में प्रवीणता जाँच	30 मिनट
(3)	विशेषीकृत विषय (होटल प्रबंधन / केटरिंग / अतिथि सत्कार)	1 Hour

अभ्यर्थियों को 1:5 के अनुपात में अगले दिन होने वाले साक्षात्कार के लिये शॉर्टलिस्ट किया जाएगा । अंतिम चयन और रैंकिंग अभ्यर्थियों के साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा । लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों को कोई महत्व नहीं दिया जाएगा । इस संबंध में आरआरकेट का निर्णय अंतिम होगा ।

III. C-1 से C-10 तक के पदों के लिए चयन प्रक्रिया :

चयन प्रक्रिया की परीक्षा तीन चरणों में ली जाएगी - चरण 1 व चरण 2 एवं चरण 3।

चरण 1 - प्रारंभिक परीक्षा :

अभ्यर्थियों की संक्षिप्त सूची (शॉर्ट लिस्ट) बनाने हेतु जांच (स्क्रीनिंग) परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षा का प्रारूप निम्नलिखित प्रकार का होगा :

1. परीक्षा में निम्नलिखित अनुपात में 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों का (चार उत्तरों का विकल्प) समावेश होगा जिसकी अवधि 1 घण्टा होगी :

गणित	:	20 प्रश्न
विज्ञान	:	20 प्रश्न
सामान्य जागरूकता	:	10 प्रश्न

2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए '3' अंक दिये जाएंगे एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए '1' अंक काट लिया जाएगा।
3. चरण-1 की प्रारंभिक परीक्षा में न्यूनतम कट ऑफ 30% से नीचे नहीं होगा।

चरण 2 – प्रगत परीक्षा :

1. चरण 1 में स्क्रीन-इन किए गए सभी अभ्यर्थियों को नर्सिंग ट्रेड में प्रगत परीक्षा देनी होगी।
2. परीक्षा में 50 बहु विकल्पीय प्रश्नों (चार उत्तरों का विकल्प) का समावेश होगा, जिसमें '3' अंक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दिये जाएंगे एवं '1' अंक प्रत्येक गलत उत्तर के लिये काट लिया जाएगा। परीक्षा की अवधि दो घण्टे होगी।
3. चरण-2 की प्रगत परीक्षा में न्यूनतम कट ऑफ 20% से नीचे नहीं होगा।
4. अभ्यर्थियों की योग्यता सूची सिर्फ चरण 2 में प्राप्त अंकों के आधार पर ही तैयार की जाएगी।
5. चरण-2 की प्रगत परीक्षा में समान अंक होने की दशा में योग्यता सूची में स्थान निर्धारित करने हेतु क्रमानुसार निम्नलिखित मापदण्डों को अपनाया जाएगा :
   - चरण 2 में प्राप्त कम नकारात्मक अंक वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।
   - चरण 1 में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।
   - चरण 1 में कम नकरात्मक प्राप्त अंक वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।
   - चरण 1 में गणित में अधिक सकारात्मक अंक प्राप्त अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।
   - चरण 1 में विज्ञान में अधिक सकारात्मक अंक प्राप्त अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।

[प्रारंभिक परीक्षा (चरण 1) एवं प्रगत (चरण 2) एक ही दिन आयोजित की जाएगी।]

चरण 3 – कौशल परीक्षा :

1. चरण 2 के पश्चात तैयार की गई योग्यता सूची के आधार पर, नर्सिंग ट्रेड में अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षण के लिये शॉर्ट-लिस्ट किया जाएगा।
2. कौशल परीक्षा के लिए शॉर्ट-लिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की संख्या चरण 2 में अहर्ता प्राप्त अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर होगी, लेकिन वह रिक्त पदों की संख्या के 4-5 गुना से अधिक नहीं होगी।
3. अभ्यर्थियों की अहर्ता हेतु कौशल परीक्षा "Go/No-Go" आधार पर आयोजित की जाएगी।
4. कौशल परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम में शॉर्ट-लिस्ट एवं पेनलबद्ध उनके चरण 2 में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।

अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा तथा कौशल परीक्षा में प्रश्नों का उत्तर हिन्दी या अंग्रेज़ी में देने का विकल्प होगा।

सामान्य अनुदेश

a) आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे विज्ञापन में दि गई आवश्यक मापदण्डों को पूरा करते हैं। अभ्यर्थियों को सही जानकारी देना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर ही लिखित परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा। यदि बाद में अन्य किसी चरण स्तर यह पता चलता है कि अभ्यर्थी द्वारा दी गई जानकारी गलत है या अभ्यर्थी आवश्यक मापदण्डों को पूरा नहीं करता है तो उसकी उमीदवारी निरस्त कर दी जाएगी एवं कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा।

b) शैक्षणिक / तकनीकी योग्यताएं केन्द्र या राज्य सरकार के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / तकनीकी शिक्षा बोर्ड से प्राप्त होनी चाहिए।

c) यदि विश्वविद्यालय में लेटर ग्रेड / सीजीपीए / ओजीपीए प्रदान की जाती है, तो उसे विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार्य मापदण्डों के अनुसार अंकों के प्रतिशत के समतुल्य इंगित किया जाना चाहिए। ऐसा न पाया गया तो अभ्यर्थी के बारे में विचार नहीं किया जाएगा।

d) वैज्ञानिक सहायक/बी अथवा वैज्ञानिक सहायक/सी तथा तकनीशियन/बी अथवा तकनीशियन/सी के भर्ती के नियमों में न्यूनतम योग्यता तथा अंकों का प्रतिशत पात्रता मापदंड में शामिल है। तथापि यदि उच्च योग्यता रखने वाले उम्मीदवार निम्न योग्यता के लिये निर्धारित पद का चयन कर लेते हैं, तो सिद्धांत: उन्हें उनके भर्ती के अवसर से मना नहीं किया जाएगा। लेकिन उच्च योग्यता वाले अभ्यर्थी के पास विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम योग्यता एवं अंको का प्रतिशत भी होना चाहिये। ऐसे उम्मीदवार, जो पहले से ही अपेक्षितसे ज्यादा योग्यता रखते हैं या जिनकी उच्च योग्यता (60% अंकों से कम न हो) हासिल करने की प्रक्रिया भर्ती के पश्चात् पूरी होने की संभावना है, को सेवा में रहते निम्नलिखित निर्धारित अवधि के लिये अतिरिक्त योग्यता आधारित पदोन्नति के प्रयोजनार्थ विचार नहीं किया जायेगा :

a) बी.एससी./ इंजीनियरिंग में डिप्लोमा	-	6 वर्ष
b) बी.टेक./ए.एम.आई.ई./एम.एससी.	-	8 वर्ष
c) एम.टेक./पीएच.डी.	-	10 वर्ष

e) (1) दिव्यांग अभ्यर्थियों (2) भूतपूर्व सैनिक, (3) विभागीय अभ्यर्थी (केंद्र सरकार के असैनिक कर्मचारी), (4) 1984 के दंगो में मारे गये लोगों के परिवार के सदस्यों, (5) 01.01.1080 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर के अधिवासी (6) विधवा, तलाकशुदा तथा विधवा, तलाकशुदा एवं न्यायिक रूप से अपने पति से अलग हो चुकी महिलाओं और जिन्होंने फिर से विवाह नहीं किया है; को सरकारी विद्यमान नियमों के अनुसार आयु में छूट प्रदान की जाएगी।

f) आर्थिक रुप से कमज़ोर वर्ग की परिभाषा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31/01/2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-Estt (Res) के अनुसार रहेगी। (विवरण के लिये लिंक पर क्लिक करें)

g) केवल मेट्रीकुलेशन प्रमाण-पत्र / नगर पालिका / निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र में लिखित जन्मतिथि ही स्वीकार की जाएगी। बाद में जन्मतिथि में परिवर्तन का कोई भी निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

h) विज्ञापन में दर्शाए गए रिक्त पद सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से ही भरे जाएंगे और यदि निर्णय लिया गया तो समय-समय पर जारी सरकारी आदेशों के अनुसार पद नहीं भी भरे जा सकते हैं।

i) विज्ञापन में नियत पात्रता मानकों जिसमें अनुभव की अवधि भी शामिल है, का निर्धारण आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक के संदर्भ में किया जाएगा।

j) आरआरकेट, इन्दौर बिना सूचित किए अथवा बिना कोई कारण बताए पद भरने / रद्द करने / प्रतिबंधित करने / संशोधन करने / पूरी भर्ती प्रक्रिया परिवर्तित करने का पूरा अधिकार सुरक्षित रखता है।

k) इस विज्ञापन के तहत चयनित अभ्यर्थियों को आरआरकेट, इन्दौर में तैनात किया जाएगा लेकिन उन्हें परमाणु ऊर्जा विभाग की भारत के किसी भी भाग में स्थित किसी भी संघटक इकाई में सेवा देने को तत्पर रहना होगा।

l) जो अभ्यर्थी आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक तक अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता / तकनीकी योग्यता / अनुभव प्राप्त नहीं कर पाते हैं / नहीं करेंगे तो वे पात्र नहीं है, अत: उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

m) अभ्यर्थियों से अनुरोध किया जाता है कि वे हमारी वेबसाईट <http:/rrcat.gov.in/hrd/Openings/Current_Openings.html> का लगातार अवलोकन करते रहें ताकि उन्हे इस विज्ञापन से संबंधित जानकारी मिलती रहे।

n) लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षण/ साक्षात्कार का आयोजन आरआरकेट, इन्दौर में ही किया जाएगा।

o) लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बाहर से आए समस्त अजा/अजजा अभ्यर्थियों को लघुत्तम मार्ग से द्वितीय श्रेणी रेल किराए का भुगतान (टिकट प्रस्तुत करने पर) यात्रा भत्ता (TA) के रूप में नियमानुसार किया जाएगा। यदि रियायती टिकट उपलब्ध हैं, तो प्रतिपूर्ति केवल रियायती किराए तक ही सीमित होगी। तथापि, लिखित परीक्षा / साक्षात्कार में शामिल होने वाले ऐसे अजा/अजजा अभ्यर्थी जो पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार सेवा, केंद्र/राज्य सरकार निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्तशासी निकाय, स्थानीय सरकारी संस्थान, पंचायत में कार्यरत हैं और रेलवे से इस यात्रा संबंधी रियायत ले चुके हैं वे इस यात्रा-भत्ता के पात्र नहीं होगें। भूत पूर्व सैनिक यात्रा भत्ता के लिये पात्र नहीं होंगे।

p) अभ्यर्थी को इंदौर में साक्षात्कार, चरण-1 (प्रारंभिक परीक्षा), चरण-2 (प्रगत परीक्षा) तथा चरण-3 (कौशल परीक्षण) के लिये कम से कम दो दिन ठहरने की व्यवस्था के साथ आना होगा। ठहरने हेतु किसी भी निवेदन को इस केंद्र द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

q) सामान्य वेतन तथा नियमों के तहत लागू भत्तों के अतिरिक्त, परमाणु ऊर्जा विभाग के कर्मचारी निम्नलिखित के लिये पात्र हैं :

- उत्साहजनक कार्य का वातावरण।
- पऊवि की योग्यता पदोन्नति योजना के अंतर्गत उच्च ग्रेडों में पदोन्नति।
- स्वयं तथा परिवार के सदस्यों के लिये स्वास्थ्य सुविधा।
- आकर्षक कार्यनिष्पादन संबंधी प्रोत्साहन।
- आकर्षक व्यावसायिक उन्नयन भत्ता।
- स्वयं एवं परिवार के लिये छुट्टी यात्रा रियायत।
- शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति तथा भारत सरकार के आदेशों के अनुसार विभागीय आवास का आबंटन।

r) चयनीत अभ्यर्थी वित्त मंत्रालय की दिनांक 22/12/2003 की अधिसूचना संख्या 5/7/2003-ECB&PR के द्वारा दिनांक 01/01/2004 से लागू राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से शासित होंगे।

s) अजा/अजजा/अपिव/ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी आवेदन में इसे स्पष्ट रुप से इंगित करें (चाहे वे अनारक्षित पद हेतु आवेदन कर रहे हों) और लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा/ साक्षात्कार (यथा लागू) के समय निर्धारित प्रारुप में तत् संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें, ऐसा न होने पर उन्हें अनारक्षित माना जाएगा और बाद में जाति की स्थिति के परिवर्तन हेतु किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

t) महाराष्ट्र राज्य के अजा/अजजा/अपिव अभ्यर्थी दिनांक 23/05/2001 के महाराष्ट्र सरकार के राजपत्र में प्रकाशित महाराष्ट्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, वि-अधिसूचित जनजाति (विमुक्त जाति), यायावर जनजाति (नोमॅडिक

ट्राइब्स), अन्य पिछड़े वर्ग और विशेष पिछड़े वर्ग (जारी एवं सत्यापन नियमन) जाति प्रमाण पत्र अधिनियम, 2000 (जारी एवं सत्यापन नियमन) के अनुसार जांच/ छानबीन समिति से वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

u) अपिव के अभ्यर्थियों का जाति प्रमाण पत्र गैर नवोन्नत वर्ग प्रमाण पत्र के साथ केंद्र सरकार के निर्धारित प्रारूप में प्राधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिये और उस जाति समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग जाति की केंद्रीय सूचियों में शामिल किया गया हो। अन्य पिछड़ा वर्ग जाति गैर नवोन्नत वर्ग प्रमाण पत्र निर्धारित करने की निर्णायक तारीख ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम दिनांक होगी।

v) अजा/अजजा/अपिव/ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी की नियुक्ति पूरी तरह अनन्तिम होगी तथा इसकी पुष्टि अजा/अजजा/अपिव/ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के प्रमाण पत्र के सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापन पर निर्भर है। यदि सत्यापन से यह पता चलता है कि अजा/अजजा/अपिव/ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का दावा गलत है तो बिना कोई कारण बताए सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी। यह कार्यवाई भारतीय दण्ड संहिता में गलत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए की जाने वाली कार्यवाई के अतिरिक्त होगी।

w) ऐसी महिला अभ्यर्थी जो आपेक्षित योग्यताओं को पूरा करती है, को विज्ञापन के तहत आवेदन करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। साथ ही महिला कर्मचारियों को उपलब्ध विशिष्ट लाभों को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट <persmin.nic.in> में देखा जा सकता है।

x) दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिये महत्वपूर्ण आवश्यकता

i. केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण तथा पूर्ण प्रतिभागिता) अधिनियम, 1996 दिनांक 31/12/1996 को अधिसूचित दिव्यांग (समान अवसर, अधिकार संरक्षण तथा पूर्ण प्रतिभागिता) नियमावली, 1995 (1996 के 1) की धारा 73 की उपधारा (1) व (2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। केंद्र / राज्य सरकार द्वारा कम से कम तीन सदस्यों का मेडिकल बोर्ड गठित किया जाए जिसमें से एक सदस्य संबंधित क्षेत्र का विशेषज्ञ हो।

ii. जिनकी दिव्यांगता अस्थायी है, उनके लिये उनके द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र पांच वर्ष की अवधि तक मान्य रहेगा। चिकित्सा बोर्ड से जारी प्रमाण पत्र में वैधता की अवधि इंगित होना चाहिए जहाँ दिव्यांगता की मात्रा में भिन्नता की संभावना हो। वे व्यक्ति जिनकी दिव्यांगता स्थायी है, उनके प्रमाण पत्र स्थायी रुप से वैध हो सकते हैं। आवेदक द्वारा अभ्यावेदन किये जाने पर, चिकित्सा बोर्ड मामले के सभी तथ्यों एवं परिस्थितियों से संबंधित अपने निर्णय की समीक्षा कर सकता है और उस मामले में जैसे सही लगे वैसे आदेश पारित कर सकता है।

iii. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़े वर्ग के दिव्यांग व्यक्ति जिनका चयन बिना किसी छूट के उनकी योग्यता के बल पर अन्य अभ्यर्थियों के साथ हुआ है, उन्हें अनारक्षित रिक्तियों में माना जाएगा बशर्ते कि वह पद दिव्यांग व्यक्ति से संबंधित श्रेणी में आता है। (यथा लागू)।

आवेदन कैसे करें

(i) केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

(ii) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक **14/06/2022** है।

(iii) अभ्यर्थी अपने आवेदन ऑन-लाइन प्रस्तुत करने हेतु http:/rrcat.gov.in/hrd/Openings/Current_Openings.html वेबसाईट का अवलोकन करें।

(iv) अभ्यर्थियों के पास वैध ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर होना चाहिए, जो कि संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहना चाहिए। स्क्रिंड-इन अभ्यर्थियों को शारीरिक लिखित परीक्षा / साक्षात्कार / कौशल परीक्षण (जैसा भी लागू हो) हेतु बुलावा पत्र केवल पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ही भेजा जाएगा।

(v) वेबसाइट पर उपयोगकर्ता निर्देशिका उपलब्ध है, जिसमें वांछित दस्तावेजों को अपलोड करने संबंधी विवरण स्पष्ट तौर पर समझाया गया है। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व आवेदक उपयोगकर्ता निर्देशिका को पूरी तरह पढ़ लेवें।

(vi) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने में होने वाली किसी भी विसंगति के लिये आरआरकेट जिम्मेदार नहीं रहेगा। अत: आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि वे अनुदेशों एवं उपयोगकर्ता निर्देशिका का सख्ती से पालन करें।

(vii) आवेदन पत्र अपलोड / प्रस्तुत करने से पूर्व अभ्यर्थियों को इस पद के लिए अपनी पात्रता के प्रति सजग एवं आश्वस्त होना चाहिए। आवेदन पत्र से संबद्ध किसी भी कॉलम को खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

(viii) एक पद के लिये एक ही आवेदन जमा किया जाना चाहिए। यदि अभ्यर्थी एक से अधिक पद के लिये आवेदन करना चाहता है, प्रत्येक पद के लिये अलग आवेदन करना चाहिये।

(ix) परीक्षा के लिए जारी प्रवेश पत्र नियुक्ति के लिए कोई अधिकार न समझा जाए। नियुक्ति पूरी तरह से सभी पात्रता शर्तों की पूर्ति के अधीन होगी।

(x) अभ्यर्थी के पास ऑनलाईन आवेदन की अंतिम दिनांक को आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव अवश्य रुप से होना चाहिये।

(xi) अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि उन्हें अंतिम दिनांक का इंतज़ार किए बिना, समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए।

(xii) केन्द्र / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / स्वायत्तशासी निकाय इत्यादि में कार्यरत अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार जो भी लागू हो, में शामिल होने के समय अपने नियोक्ता द्वारा जारी "अनापत्ति प्रमाण-पत्र'' प्रस्तुत करना होगा; ऐसा न करने पर उन्हें लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार जो भी लागू हो, में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(xiii) अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रुप से अपलोड करना होगा :

क. हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो

ख. हस्ताक्षर

ग. आयु संबंधी प्रमाण पत्र (मेट्रीकुलेशन प्रमाण-पत्र / म्यूनिसिपल जन्म प्रमाण-पत्र)

घ. शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता

ङ. अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

च. जाति / वर्ग प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) [आरआरकेट की वेबसाईट पर प्रारुप उपलब्ध है]

छ. दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो) [आरआरकेट की वेबसाईट पर प्रारुप उपलब्ध है]

ज. जम्मू-कश्मीर संभाग में 01.01.1980 से 31.12.1989 तक अधिवासी होने सबंधी प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)

झ. 1984 के दंगों में प्रभावित होने संबंधी प्रमाण (यदि लागू हो)

ञ. अन्य कोई संबद्ध प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)

(xiv) अभ्यर्थियों को उक्त दस्तावेजों की मूल प्रति तथा प्रत्येक की एक-एक स्वप्रमाणित प्रति लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार जो भी लागू हो, के समय पर प्रस्तुत करना होगा। ऐसा नहीं करने पर उन्हें लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार जो भी लागू हो, में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अचयनित उम्मीदवारों के रिकार्ड, चयन सूची तैयार करने की तिथि से 6 माह के बाद नहीं रखे जाएंगे।

किसी भी प्रकार कि सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा।

****